स.ए. 20011/4/2020 - हिंदी
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3

दिनांक /Dated: 23, अगस्त, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: निदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक की कार्यवृत्त।**

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (जून 2021 एवं सितम्बर 2021 तिमाही) का आयोजन दिनांक 10 अगस्त 2021 को 1200 बजे श्री रमेश कुमार सिद्धार्थ, भा.दू.से., निदेशक, स.नि.पु.बे. की अध्यक्षता में ऑनलाइन किया गया। बैठक में कार्यसूची के अनुसार विचार-विमर्श करके आवश्यक निर्णय लिए गए।

2. बैठक की कार्यवृत्त की एक प्रति समिति के सभी सदस्यों एवं निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों की सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेषित की जा रही है।

3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि कार्यवृत्त में उल्लिखित मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई करते हुए की गई कार्रवाई से राजभाषा अनुभाग को पत्र जारी होने के एक माह के भीतर अवगत करवा दें ताकि निदेशालय की अगली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुपालन रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।

4. यह कार्यवृत्त निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(राजीव सिंह) 23.08.2021
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष : 011-24361588
ई-मेल आईडी- rajivkumar.79@dcpw.gov.in

संलग्नक : यथोपरि।

प्रति:-

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
2. सभी अनुभाग अधिकारी।
3. सहायक निदेशक (प्रशिक्षण), केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरीफोर्ट, नई दिल्ली।
5. स.नि., सूचना और प्रौद्योगिकी- अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु विभाग की वेबसाइट (Circular भाग) पर अपलोड करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ:-</u>

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव।
2. निदेशक (राजभाषा), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, आठवां तल, एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली- 110001 को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार**

**(राजभाषा अनुभाग)**

**<u>विषय</u>: समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (जून 2021 और सितम्बर 2021 तिमाही) की कार्यवृत्त।**

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार (मुख्यालय) की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जून 2021 और सितम्बर 2021 तिमाही की बैठक श्री रमेश कुमार सिद्धार्थ, भा.दू.से., निदेशक, स.नि.पु.बे. महोदय की अध्यक्षता में दिनाँक 10 अगस्त 2021 को 1200 बजे निदेशालय (मुख्यालय) में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गयी। इस बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| क्रम सं. | नाम व पदनाम | |
|---|---|---|
| 1. | श्री रमेश कुमार सिद्धार्थ, भा.दू.से., निदेशक, स.नि.पु.बे. | अध्यक्ष |
| 2. | श्री राकेश कुमार, निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार | गृ.मं. के प्रतिनिधि |
| 3. | श्री रविन्द्र कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) | सदस्य |
| 4. | डॉ. सुरेश विनायक, संयुक्त निदेशक (संचार) | सदस्य |
| 5. | श्री घनश्याम, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) | सदस्य |
| 6. | श्री नरेश कुमार, संयुक्त निदेशक (बीजलेख) | सदस्य |
| 7. | श्री विक्रम सिंह पवांर, उप निदेशक (क्रय एवं भू. एवं भ.) | सदस्य |
| 8. | श्री विद्याधर, उप निदेशक (बीजलेख) | सदस्य |
| 9. | श्री एच. एस. श्रीहरी, उप निदेशक (पोलनेट हब) | सदस्य |
| 10. | श्री हेमन्त कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) | सदस्य |
| 11. | श्री मयंक कपूर, उप निदेशक (संचार एवं पोलनेट योजना) | सदस्य |
| 12. | श्री राजेश कुमार सिंह, उप निदेशक (समन्वय) | सदस्य |
| 13. | डॉ. राजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा) | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय का एवं बैठक में उपस्थित गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि श्री राकेश कुमार, निदेशक (राजभाषा) सहित सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तदोपरांत, उनके द्वारा अध्यक्ष महोदय से अनुमति लेकर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में कार्यसूची के अनुसार विचार-विमर्श करके निर्णय लिए गए, जो निम्नानुसार हैं :-

**<u>मद संख्या 1</u>. <u>पिछली बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि.</u>** निदेशालय की पिछली बैठक दिनांक 26 मार्च 2021 को निदेशक, स.नि.पु.बे. की अध्यक्षता में आयोजित की गयी थी। बैठक की कार्यवृत्त सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समिति के सभी सदस्यों एवं निदेशालय के सभी अनुभागों सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों को अग्रेषित की गयी थी। सभी सदस्यों द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**<u>मद संख्या 2.</u> <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा</u>.** सदस्य सचिव द्वारा निदेशालय की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई और बैठक में अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा की गयी, जो निम्न प्रकार से हैं :-

**(क)** **<u>हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार</u>.** सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी में कार्य करने के लिए लागू की गयी वार्षिक प्रोत्साहन योजना

- वर्ष 2019-20 में भाग लेने वाले कार्मिकों की तरफ से प्राप्त प्रपत्रों का मूल्यांकन करने और पुरस्कार के लिए अनुशंसा करने हेतु निदेशक महोदय की अनुमति से एक जांच समिति का गठन किया जा रहा है। समिति की मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर पात्र कार्मिकों को पुरस्कार देने की कार्रवाई की जाएगी। ***कार्रवाई- हिंदी अनुभाग।***

(ख) <u>द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना.</u> सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि सी.पी.आर.टी.आई. द्वारा तैयार वार्षिक पाठ्यक्रम समिति रिपोर्ट - 2020 का हिंदी अनुवाद कर दिया गया है तथा इसका एक बार पुनरीक्षण भी हो गया है। तत्पश्चात् आवश्यक सुधार संबंधी कार्रवाई प्रगति पर है।

**(ग)** <u>अनुभागों द्वारा हिंदी पत्राचार और हिंदी टिप्पण के लक्ष्य को प्राप्त करना</u>. हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा विगत बैठक में निर्णय लिया गया था कि निदेशालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए स्वंय प्रयास करना चाहिए। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि निदेशालय का हिंदी पत्राचार एवं फाइलों पर हिंदी टिप्पणी प्रत्येक तिमाही में क्रमिक रूप से बढ़ रही है।

**(घ)** अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकों की खरीद के लिए विगत बैठक में निर्णय लिया गया था कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिंदी की उपयोगी और रूचिकर पुस्तकों की सूची हिंदी पुस्तकालय में भेजी जानी चाहिए और नियमित रूप से हिंदी पुस्तकों का अध्ययन किया जाना चाहिए। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि जून 2021 तिमाही में कोविड 19 महामारी की व्यापकता के कारण हिंदी पुस्तकों की खरीद नहीं की जा सकी। हिंदी पुस्तकों की खरीद के लिए कार्रवाई की जाएगी।

**(ङ)** गृह मंत्रालय के निदेशक (राजभाषा) द्वारा निदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का पुनर्गठन करने के सुझाव पर निर्णय लिया गया था कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन किया जाएगा। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि निदेशक महोदय के अनुमोदन से समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें उप निदेशक और इनसे उच्च स्तर के अधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

**(च)** निदेशक (राजभाषा) द्वारा 40 प्रतिशत अनुभागों को हिंदी में नामित करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुझाव दिया गया था कि, जिन अनुभागों में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त और कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की तैनाती अधिक है, उन अनुभागों को अपना कार्य हिंदी में करने हेतु नामित किए जाने संबंधी कार्रवाई की जानी चाहिए। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि लक्ष्य के अनुसार निदेशालय के 13 अनुभागों में से 05 अनुभागों को हिंदी में कार्य करने हेतु विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए। वर्तमान में निदेशालय के 02 अनुभाग प्रशासन एवं क्रय हिंदी में कार्य करने हेतु विर्निदिष्ट हैं।

इस संबंध में निदेशक महोदय द्वारा उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों के संज्ञान में लाया गया कि निदेशालय के 02 और अनुभागों को नामित करने हेतु निर्णय लिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) से पूछा गया कि क्या प्रशिक्षण केन्द्र को अपना काम हिंदी में करने के लिए नामित किया जा सकता है ? इस पर संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) द्वारा बताया गया कि जब संस्थान का हिंदी पत्राचार 90 प्रतिशत हो जाएगा तब सी.पी.आर.टी.आई. को नामित किया जा सकता है, और संस्थान द्वारा हिंदी पत्राचार को बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय द्वारा संयुक्त निदेशक (प्रशासन) से प्रशासन अनुभाग में कितने डेस्क को हिंदी में कार्य

करने हेतु नामित किया गया है, पूछने पर संयुक्त निदेशक (प्रशासन) द्वारा सूचित किया गया कि प्रशासन अनुभाग हिंदी में कार्य करने के लिए नामित किया गया है तथा हिंदी में काम किया जा रहा है।

**<u>मद संख्या 3</u>. <u>पिछली हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा</u>.** बैठक में निदेशालय की पिछली दो तिमाही प्रगति रिपोर्ट (मार्च 20021 और जून 2021 की तिमाही) पर विस्तार से चर्चा की गयी और निम्नानुसार निर्णय लिए गए:-

**(क) <u>हिंदी पत्राचार</u>**. सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि निदेशालय के लिए हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों के लिए 100 प्रतिशत है एवं 'ग' क्षेत्र के लिए 65 प्रतिशत निर्धारित है। मार्च 2021 तिमाही में निदेशालय का हिंदी पत्राचार 'क' क्षेत्र को 61.15 प्रतिशत हुआ था, और जून 2021 में 61.30 हुआ है जोकि दिसम्बर 2020 तिमाही की तुलना में 6.66 प्रतिशत बढ़ा है। 'ख' क्षेत्र को मार्च 2021 की तिमाही में 61.67 प्रतिशत और जून 2021 तिमाही में 75.44 प्रतिशत हिंदी पत्राचार हुआ है जोकि दिसम्बर 2021 तिमाही से 18.42 प्रतिशत बढ़ा है और 'ग' क्षेत्र को मार्च 2021 तिमाही में 42.99 प्रतिशत और जून 2021 तिमाही में 67.78 प्रतिशत हिंदी पत्राचार हुआ है जोकि दिसम्बर 2020 तिमाही से 21.40 प्रतिशत बढ़ा है। इस प्रकार निदेशालय का हिंदी पत्राचार प्रत्येक तिमाही में क्रमिक रूप से बढ़ रहा है। इस पर समिति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी और निर्णय लिया गया कि अनुभागों का हिंदी पत्राचार क्रमिक रूप से प्रत्येक तिमाही में बढ़ता रहना चाहिए।

अनुभागों से प्राप्त हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर सदस्य सचिव द्वारा बीजलेख अनुभाग, कार्यशाला अनुभाग, लेखा अनुभाग एवं पोलनेट हब से हिंदी पत्राचार को बढ़ाने का अनुरोध किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए निर्णय लिया गया कि जिन अनुभागों का हिंदी पत्राचार कम है उन्हें पत्र जारी कर हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया जाए ताकि निदेशालय का हिंदी पत्राचार और बढ़ सके।

**कार्रवाई - सभी अनुभाग**

(ख) **<u>धारा 3 (3) के अंतर्गत जारी कागजातों को द्विभाषी जारी करना</u>**. सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि निदेशालय द्वारा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत जारी कागजात द्विभाषी रूप में जारी किए जाते हैं।

(ग) **<u>फाइलों पर हिंदी में टिप्पण/आलेखन</u>**. सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य 75 प्रतिशत का है। मार्च 2021 की तिमाही में मुख्यालय का हिंदी टिप्पण 67.85 प्रतिशत और जून 2021 में 73.28 प्रतिशत रहा है, जो दिसम्बर 2020 तिमाही की तुलना में 14.87 प्रतिशत अधिक है।

**<u>मद संख्या 4</u>. <u>वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 में दिए गए लक्ष्यों पर चर्चा</u>.** बैठक में वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 में दिए गए लक्ष्यों पर मदवार चर्चा की गयी। सदस्य सचिव द्वारा सभी मदों पर प्रगति रिपोर्ट और निदेशालय द्वारा प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी विस्तार से दी गयी। वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों के क्रम में निम्नलिखित निर्णय लिए गए।

(क) **<u>हिंदी में मूल पत्राचार</u>**. हिंदी में मूल पत्राचार 'क' एवं 'ख' दोनों क्षेत्रों के लिए 100 प्रतिशत और 'ग' क्षेत्र के लिए 65 प्रतिशत निर्धारित है। निदेशालय द्वारा 'क' क्षेत्र के लिए 61.30 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है और 'ख' क्षेत्र के लिए 75.44 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है तथा 'ग' क्षेत्र के लिए 67.78 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस प्रकार निदेशालय द्वारा 'ग' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्य को

प्राप्त कर लिया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी सदस्यों से अपने-अपने अनुभाग में हिंदी पत्राचार को बढ़ाने के लिए निर्देश दिया गया और निर्णय लिया गया कि सभी अनुभाग हर तिमाही में उनके द्वारा प्राप्त किए गए लक्ष्य से कम हिंदी पत्राचार नहीं करेंगे और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हिंदी पत्राचार में क्रमिक बढ़ोतरी करेंगे जिससे निदेशालय के हिंदी पत्राचार में बढ़ोतरी होगी और हमारा निदेशालय निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा।

**कार्रवाई - सभी सदस्य/सभी अनुभाग**

(ख) **हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना**. वार्षिक लक्ष्य 100 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि सभी अनुभागों द्वारा हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाता है। साथ ही उन्होंने सूचित किया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार हिंदी में प्राप्त पत्रों का जवाब हिंदी में ही देने की जिम्मेवारी इन पत्रों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी की होती है। निर्णय लिया गया कि हिंदी में प्राप्त पत्रों का जवाब हिंदी में ही दिए जाने के लिए इन पत्रों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**कार्रवाई - हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी**

**(ग)** **हिंदी में टिप्पण**. हमारे निदेशालय के लिए वार्षिक लक्ष्य 75 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि निदेशालय द्वारा 73.28 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा गया कि उनके पास बहुत सी फाइलें आती हैं जिनमें हिंदी में टिप्पणियां लिखी होती हैं, जो बहुत खुशी की बात है और उन्होंने कहा कि हम लक्ष्य से कुछ प्रतिशत ही पीछे हैं जिसे थोड़ा और प्रयास एवं प्रतिबद्धता से हासिल किया जा सकता है।

**(घ)** **हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती**. हमारे निदेशालय के लिए लक्ष्य 80 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भर्ती की प्रक्रिया एस.एस.सी. द्वारा संचालित की जाती है। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रशासन अनुभाग निदेशालय में एक हिंदी टंकक की भर्ती के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजे, हिंदी टंकक की भर्ती हो जाने से निदेशालय हिंदी टाइपिंग हेतु टंकक की सहायता ले सकता है और इससे निदेशालय के हिंदी पत्राचार में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी।

**कार्रवाई - प्रशासन अनुभाग**

(ङ) **हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना**. हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम का वार्षिक लक्ष्य 75 प्रतिशत है और द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने का लक्ष्य 100 प्रतिशत है। इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा सूचित किया गया कि निदेशालय के प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण हिंदी और मिली-जुली भाषा में संचालित किया जाता है। अध्यक्ष महोदय द्वारा संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) से प्रशिक्षण सामग्री की द्विभाषीकरण की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) द्वारा बताया गया कि नेमी प्रशिक्षण सामग्री का अनुवाद का कार्य पहले प्रशिक्षण संकाय के द्वारा करवाया जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी तो इनके अनुवाद के लिए हिंदी अनुभाग की सहायता भी ली जाएगी। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया कि वर्तमान में सी.पी.आर.टी.आई. द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जाता है उसकी प्रशिक्षण सामग्री जैसे-प्रश्न पत्र आदि द्विभाषी में तैयार करने का हरसंभव प्रयास किया जाए।

**कार्रवाई - केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान**

**(च)** **पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजीटल वस्तुओं सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय.** लक्ष्य 50 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि इस वर्ष अभी तक कोविड-19 महामारी के प्रसार के कारण हिंदी पुस्तकों की खरीद नहीं की जा सकी है, इसके लिए अनुभागों से हिंदी पुस्तकों की खरीद हेतु सूची मंगाने के लिए पत्र जारी किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया कि

पुस्तकालय में हिंदी की उपयोगी पुस्तकें खरीदी जाएं। इसके लिए ज्ञान एवं विज्ञान के विषयों से संबंधित हिंदी पुस्तकों के नाम मंगाया जाए। इन पुस्तकों को कार्मिकों के परिवारजनों के अध्ययन के लिए भी जारी किया जा सकता है। साथ ही अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सदस्यों से निदेशालय के कर्मचारियों को हिंदी पुस्तालय में पुस्तकों के अध्ययन करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया और बताया कि यदि कर्मचारी एवं उनके पारिवारिक सदस्य हिंदी पुस्तकों का अध्ययन करते हैं और इससे ज्ञान अर्जित करते हैं तो इससे राजभाषा का विकास होगा।

**कार्रवाई - समिति के सभी सदस्य/ हिंदी अनुभाग**

**(छ)** **कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण.** लक्ष्य 25 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि इस वर्ष अभी तक कोविड-19 महामारी की व्यापकता के कारण निदेशालय के बाहय केन्द्रों का राजभाषाई निरीक्षण नहीं किया जा सका है। राजभाषा विभाग द्वारा जारी 25 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुसार 31 केन्द्रों में से 08 केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि कोविड-19 महामारी की स्थित सामान्य होने पर उनके द्वारा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

**कार्रवाई - सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**(ज)** **मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण.** लक्ष्य 25 प्रतिशत है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि इस वर्ष अभी तक कोविड-19 महामारी की व्यापकता के कारण निदेशालय के अनुभागों का प्रत्यक्ष निरीक्षण नहीं किया गया। राजभाषा विभाग द्वारा जारी 25 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुसार 13 अनुभागों में से 04 अनुभागों का निरीक्षण किया जाना है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि कोविड-19 महामारी की स्थित सामान्य होने पर उनके द्वारा अनुभागों का निरीक्षण किया जाएगा।

**कार्रवाई - सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**(झ)** **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक.** लक्ष्य वर्ष में 02 बैठकों का है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि हमारा कार्यालय नराकास का सदस्य है और नराकास कार्यालय से बैठकों के आयोजन संबंधी सूचना प्राप्त नहीं हुई है, सूचना प्राप्त होने पर बैठक में भाग लेना सुनिश्चित किया जाएगा।

**(ञ)** **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक.** लक्ष्य वर्ष में 04 बैठकों का है। सदस्य सचिव द्वारा अवगत किया गया कि निदेशालय द्वारा कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं । वर्तमान बैठक जून 2021 तिमाही और सितम्बर 2021 तिमाही दोनों की है।

**(ट)** **कार्यालयों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिंदी में हों.** लक्ष्य 40 प्रतिशत है यानी निदेशालय के 13 अनुभागों में से 5 अनुभाग अपना पूरा काम हिंदी में करने हेतु विर्निदिष्ट किए जाने चाहिए। वर्तमान में 02 अनुभाग प्रशासन एवं क्रय हिंदी में कार्य करने हेतु नामित हैं। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया कि निदेशालय के 02 और अनुभाग हिंदी में काम करने के लिए नामित किए जाने चाहिए। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया कि निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशकों द्वारा आपस में विचार विमर्श करके दो और अनुभागों को अपना सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु विनिर्दिष्ट करने के लिए अनुशंसा की जानी चाहिए ताकि निदेशालय के और 02 अनुभागों को नामित किया जा सके।

**कार्रवाई- सभी संयुक्त निदेशक**

**<u>मद संख्या 5.</u>** <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर चर्चा</u>.

**<u>अध्यक्ष महोदय का संबोधन</u>**. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सिद्धार्थ, भा.दू.से., निदेशक, महोदय द्वारा अपने संबोधन में डॉ. राजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा)- सदस्य सचिव को निदेशालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि के लिए बधाई देते हुए कहा गया कि हमारा निदेशालय राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में अग्रसर है। हमें हिंदी पत्राचार एवं फाइलों पर हिंदी टिप्पणी की प्रतिशतता को बनाए रखना है और उन्हें अधिक खुशी होगी, यदि निदेशालय अपने पत्राचार में बढ़ोतरी करेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी संयुक्त निदेशकों से अपेक्षा की और अनुरोध भी किया कि संयुक्त निदेशक अपने-अपने नियंत्रक अनुभाग में प्रतिदिन कम से कम एक-दो पत्र हिंदी में निकालना सुनिश्चित करें, जिससे निदेशालय का हिंदी पत्राचार और आगे बढ़े और हमारा निदेशालय राजभाषा हिंदी के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

अंत में कोई मद नहीं होने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में लिए गए निर्णयों पर सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने तरफ से आवश्यक कार्रवाई करने और निदेशालय के हिंदी पत्राचार को बढ़ाने हेतु निर्देश के साथ सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए **'ई'** बैठक के समापन की घोषणा की गयी।

23.08.2021

(डॉ राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

------------